6

14

# प्रारूप-4

प्रारूप-6

## प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट

आज दिनांक 22.11.2021 को निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 खटीमा, वन विभाग जौलासाल वन क्षेत्र सुदलीमठ एवं राजस्व विभाग तहसील सितारगंज के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा मा0 मुख्यमंत्री घोषणा सं0 19/2018 (टी.एस.पी.) के अन्तर्गत् जनपद ऊधमसिंह नगर के विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता के ग्राम देवीपुरा से ज्ञानपुर गौढ़ी मोटर मार्ग एवं किमी. 02 पर 60 मी0 स्पान के आर.सी.सी. पी.ए.सी. गर्डर सेतु के निर्माण कार्य हेतु स्थल चयन निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री विजय चन्द्र भट्ट, वन क्षेत्राधिकारी, दक्षिणी जौलासाल रेन्ज, श्री कृष्ण सिंह महरा, उप वन क्षेत्राधिकारी दक्षिणी जौलासाल रेन्ज, श्री चन्दन सिंह खाती, वन दरोगा/बीट प्रभारी, पूर्वी जौलासाल पूर्वी बीट कम्पार्टमेंट सं0 22-23, श्री उमेद सिंह बिष्ट, आरक्षी, राजस्व विभाग की ओर से श्री हरीश चन्द्र, कानूनगो, बीना जोशी, राजस्व उप निरीक्षक एवं प्रस्तावक विभाग लो0नि0वि0 की ओर से श्री हिमांशु भट्ट, सहायक अभियन्ता, श्री गोपाल गिरी गोस्वामी, अपर सहा0 अभि0, श्री देवेन्द्र चन्द्र जोशी, अमीन के द्वारा प्रश्नगत् परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखण के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखणों के चयन हेतु प्रतिभाग किया गया।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, पारिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्ययता तथा तकनीकी आवश्यकता की दृष्टि से जो समरेखण/स्थल सबसे उपयुक्त होगा उसमें 780 मी0 लम्बाई में नाप भूमि तथा 1400 मी0 लम्बाई में वन भूमि (रिजर्व फॉरेस्ट) प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 0.546 है0 नाप भूमि तथा 0.980 है0 वन भूमि की आवश्यकता होगी, जिसमें कुल 0.980 है0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखण में कोई भी वृक्ष का पातन नहीं होगा।

इस समरेखण की तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखा गया उसमें 780 मी0 लम्बाई में नाप भूमि तथा 1700 मी0 लम्बाई में वन भूमि (रिजर्व फॉरेस्ट) प्रभावित होगी, जिसमें कुल 1.190 है0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखण पर विभिन्न प्रजाति के लगभग 05 वृक्ष इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प सं0 प्रथम की वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये समरेखण में वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

चुने गये समरेखण के प्रारम्भिक विन्दु का G.P.S. मान 28°59'33"N, 79°50'22"E तथा यह स्थल देवीपुरा है। समरेखण के अन्तिम विन्दु का G.P.S. मान 28°59'55"N, 79°49'23"E तथा यह स्थल ज्ञानपुर गौढ़ी(ग्राम देवीपुरा का तोक) है। समरेखण के मध्य पड़ने वाले अन्य विन्दुओं के G.P.S. मान कमशः पुल-A1 पर 28°59'45"N, 79°49'50"E, पुल-A2 पर 28°59'47"N, 79°49'47"E, मोड़ पर 28°59'51"N, 79°49'40"E, स्कूल के पास 28°59'54"N, 79°49'23"E आदि हैं।

चयनित समरेखण में कुल शून्य पौधों को स्थानान्तरित किया जाना आवश्यक होगा।

-कमशः पृष्ठ सं. 2 पर-

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारण्य का हिस्सा नहीं है।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नहीं होगा।

इस समरेखण पर मार्ग के निर्माण हेतु कोई भी मलुआ उत्सर्जित नहीं होगा।

अन्य आवश्यक विवरण :– इस मार्ग के समरेखण में बांज का कोई भी वृक्ष प्रभावित नहीं होता है।

AAE

AE

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो०नि०वि० खटीमा
(ऊधम सिंह नगर)

बीना जोशी
राजस्व उपनिरीक्षक
क्षेत्र........तहसील........
जिला–ऊधम सिंह नगर

(दान सिंह खोलिया)
वन दरोगा

(के० एस० मेहरा)
डिप्टी रेन्जर
दक्षिणी जौलासाल वनकोल
22-11-2021

वन क्षेत्राधिकारी
दक्षिणी जौलासाल
तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी।

(पन्नासिंह (बाल) व०ड०
वीर प्रभारी)

15/11/21
नायब तहसीलदार
उप–तहसील, नानकमत्ता

उप प्रभागीय वनाधिकारी
सितारगंज,
तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी

उपजिलाधिकारी
सितारगंज(ऊ0सिं0नगर)

प्रभागीय वनाधिकारी
तराई पूर्वी वन प्रभाग
हल्द्वानी.

जिलाधिकारी
ऊधम सिंह नगर